आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 मार्च 2026 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया कि राज्य में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। हाल के वैश्विक घटनाक्रमों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री योगी ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी ईंधन को लेकर कोई दहशत या कृत्रिम संकट उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जमीनी निरीक्षण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों और आगामी त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया कि चौदह और पन्द्रह मार्च को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर पीआरवी–112 वाहनों की तैनाती की जाए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि परीक्षा शुचिता के साथ किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रदेश के 1090 परीक्षा केन्द्रों पर चार पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 15 लाख 75 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाए, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। श्री योगी ने कहा कि 13 मार्च को अलविदा की नमाज, 19 मार्च से चौत्र नवरात्रि का षुभारंभ और 20 या 21 मार्च को ईद–उल–फितर मनाए जाने की सम्भावना है। ऐसे में कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समाचार कक्ष से अरूण।

****

नोबेल पुस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। एक रिपोर्ट–

मुलाकात के दौरान नोबेल पुस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मैटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संम्भावनाओं पर चर्चा हुई। श्री नोवोसेलोव ने निवेश के लिए प्रदेश के साकारात्मक माहौल की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि नोबेल पुरस्कार विजेता श्री नोवोसेलोव ग्रैफिन की खोज के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश सरकार ने राज्य में सेवा आचरण नियमावली में संशोधन किया है। अब यदि कोई सरकारी कर्मचारी एक कैलेंडर वर्ष के भीतर अपने मूल वेतन के छह महीने से अधिक की राशि स्टॉक, शेयर या अन्य निवेश माध्यमों में निवेश करता है, तो उसे सक्षम प्राधिकारी को सूचित करना आवश्यक होगा। यह निर्णय कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार बत्तीस वर्षीय एक व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति दी है। इसके तहत न्यायालय ने पिछले बारह वर्षों से अधिक समय से कोमा में पडे व्यक्ति के कृत्रिम जीवन रक्षक यंत्र को हटाने की अनुमति दे दी है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें जीवन रक्षक यंत्र या उसे जीवित रखने के लिए आवश्यक उपचार को रोक दिया जाता है या हटा दिया जाता है। गाजियाबाद के रहने वाले पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र हरीश राणा को दो हजार तेरह में अपने पीजी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटें आईं थी। इसके बाद से वह कोमा में हैं।

****

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में इंटरनेट सेवाएं विश्व में सबसे सस्ती हैं। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल समावेशन के तीन प्रमुख मोर्चों पर काम किया है।

पिछले 10 वर्षों में डिजिटल इंक्लूजन के लिए तीन फ्रन्ट्स में काम किया है। सबसे पहले इंक्रीजिंग दी एक्सेस टू इंटरनेट, सेकंड मेकिंग इंटरनेट अफॉर्डेबल और तीसरा प्रोवाइडिंग डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर। आज से 10 साल पहले 2014 में जहां पर मात्र 25 करोड लोगों को इंटरनेट की कनेक्टिविटी अवेलेबल थी, 103 करोड लोगों को आज इंटरनेट की कनेक्टिविटी अवेलेबल है।

श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एआई–नियंत्रित खिलौने बच्चों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता कार्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय इसे नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

****

उत्तर प्रदेश आतंकरोधी दस्ते–एटीएस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस–आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में नौसेना के चौबीस वर्षीय जवान को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि खुफिया जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति पाकिस्तान स्थित आईएसआई एजेंट के संपर्क में था और संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

****